# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर—233001

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक 796 / पेपर कटिंग / 16 दिनांक—06/05/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय— **दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''रेवतीपुर में जल जीवन मिशन योजना अधूरी, करोड़ों की टंकी का काम रुका, 10 हजार आबादी परेशान'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''रेवतीपुर में जल जीवन मिशन योजना अधूरी, करोड़ों की टंकी का काम रुका, 10 हजार आबादी परेशान'' की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक—05.05.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत उतरौली पुर्नगठन पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित 02 नलकूप पूर्ण, 02 नग पम्प हाउस पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 550 किली0/18 मी0 स्टेजिंग का निर्माण कार्य 65 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 21.25 कि0मी0 के सापेक्ष 13.40 कि0मी0 पूर्ण एवं गृह जल सयोजन का कार्य कराया जाना शेष है। वर्तमान में योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। धनावंटन/भुगतान न होने के कारण कार्यदायी फर्म द्वारा योजनाओं के कार्यो की प्रगति वर्तमान में धीमी कर दी गई है। भुगतान प्राप्त होने की दशा में आगामी 6 माह में योजनान्तर्गत समस्त अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए योजनान्तर्गत पेयजल आपूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(सुनील कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

Letter/EE/2025/473